>

Title: Need to provide safe drinking water to people in Jamui Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

श्री भूदेव चौधरी (जमुई): आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जमुई के तारापुर प्रखण्ड के रमनाबाग पंचायत के रवैरा गांव में दलित एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के तीन हजार (3000) परिवारों की ओर दिलाना चाहता हूँ। आजादी के बाद आज तक इस गांव में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। पूरे ग्राम को फ्लोराइड युक्त पानी पीना पड़ता है जिससे विकलांग बच्चे पैदा होते है। गर्भवती महिलाओं का पानी पीने से समय से पूर्व गर्भपात हो जाता है। जवान नागरिक 30 वर्ष के आयु में ही विकलांग हो जाते है।

अतः मा0 मंत्री जी से आग्रह है कि रवैरा गांव के निवासियों हेतु स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाए जिससे कि समस्या का निदान हो सके एवं गांव की प्रगति हो।